Australian Government
Services Australia

HINDI

# Payment for older Australians

Age Pension वृद्ध ऑस्ट्रेलियावासियों के लिए आय समर्थन और कई प्रकार की छूट तक पहुँच प्रदान करती है। इसमें एक Pensioner Concession Card शामिल है। यह कार्ड आपको सस्ती स्वास्थ्य देखभाल और कुछ माल एवं सेवाओं के लिए छूट देता है। Age Pension प्राप्त करने के लिए कुछ नियम जो आपको पूरे करने होंगे।

## आयु संबंधी नियम

यदि आपका जन्म 1 जुलाई 1955 से पहले हुआ था, तो आप Age Pension आयु पर पहुँच गए/गई हैं।

1 जुलाई 2021 को, Age Pension आयु उन लोगों के लिए बढ़कर 66 साल और 6 महीने हो गई है जिनका जन्म

1 जुलाई 1955 से लेकर 31 दिसम्बर 1956 के बीच हुआ था, इस अवधि में ये दो तिथियों शामिल हैं।

यदि आपका जन्म 1 जनवरी 1957 को या इसके बाद हुआ था, तो आपकी Age Pension आयु 67 साल है।

## निवास संबंधी नियम

Age Pension पाने के लिए आपको निवास संबंधी नियम पूरे करने होंगे।

जिस दिन आप क्लेम करते/ती हैं, उस दिन यह ज़रूरी है कि आप:

- ऑस्ट्रेलियाई निवासी हों, और
- ऑस्ट्रेलिया में निवास करते/ती हों।

ऑस्ट्रेलियाई निवासी वह व्यक्ति होता है जो ऑस्ट्रेलिया में रहता है और या तो वह ऑस्ट्रेलियाई नागरिक है या फिर परमानेंट वीज़ा धारक है या प्रोटेक्टिड स्पेशल कैटिगरी वीज़ा धारक है।

Age Pension के लिए पात्र होने हेतु यह भी ज़रूरी है कि आप कम से कम 10 वर्षों के लिए एक ऑस्ट्रेलियाई निवासी हों। इनमें से कम से कम 5 वर्षों के लिए, यह ज़रूरी है कि आपके निवास में कोई विराम या अंतराल नहीं होना चाहिए।

## क्या अलग हो सकता है?

आप Age Pension पाने के लिए योग्य हो सकते/ती हैं यदि आप कम से कम 10 सालों के लिए ऑस्ट्रेलियाई निवासी हों। जैसे कि, यदि आप:

- रिफ़्यूज़ी या भूतपूर्व रिफ़्यूज़ी हैं
- एक महिला हैं जिसके पार्टनर (जीवनसाथी) की उस समय मृत्यु हो गई थी जब आप दोनों ऑस्ट्रेलियाई निवासी थे और Age Pension के लिए क्लेम करने से पिछले 2 वर्षों के लिए आप ऑस्ट्रेलियाई निवासी थे।

यदि आप निवास संबंधी नियमों को पूरा नहीं करते/ती हैं परन्तु आप एक ऐसे देश में रह चुके/की हैं या काम कर चुके/की हैं जिसका ऑस्ट्रेलिया के साथ सोशल सिक्योरिटी एग्रीमेंट है, तो एग्रीमेंट क्लेम करने में आपकी सहायता कर सकता है।

जिस दिन आप किसी अन्य पात्र आमदनी समर्थन भुगतान से Age Pension में स्थानांतरण करने के लिए आवेदन करते/ती हैं उस दिन आपको ऑस्ट्रेलियाई निवासी होने या ऑस्ट्रेलिया में उपस्थित होने की ज़रूरत नहीं है।

## Age Pension के लिए क्लेम करना

आप अपने Centrelink ऑनलाइन अकाउंट के माध्यम से Age Pension के लिए क्लेम कर सकते/ती हैं।

आप किसी सेवा केन्द्र में भी जा सकते/ती हैं। आपको क्लेम फॉर्म और आमदनी तथा संपत्ति फॉर्म भरना होगा। हो सकता है कि आपको हमें कुछ अतिरिक्त फॉर्म या कुछ अन्य दस्तावेज़ देने पड़ें जिनकी हमने मांग की हो।

बशर्ते कि हमारे पास पहले से यह प्रमाण नहीं है कि आप कौन हैं, आपको किसी सेवा केन्द्र जाना होगा और अपने पहचान दस्तावेज़ दिखाने होंगे।

## यदि आपको पहले से Centrelink भुगतान मिलता है

आपके Age Pension आयु तक पहुँचने से 13 सप्ताह पहले हम आपको पत्र लिखेंगे और आपको बताएँगे कि Age Pension पर स्थानांतरण करने के लिए आप क्या कर सकते/ती हैं।

## आपकी परिस्थितियों में बदलाव

हमें उन परिवर्तनों के बारे में जानना होगा जो आपके भुगतान को कम कर सकते हैं। आपको किसी भी बदलाव के बारे में हमें 14 दिनों के भीतर बताना होगा। उदाहरण के लिए, आपको हमें बताना होगा यदि:

- आपका पता बदलता है
- आप और/या आपका पार्टनर (जीवनसाथी) आपकी आमदनी बढ़ाते हैं
- आप और/या आपका पार्टनर (जीवनसाथी) आपकी संपत्तियों के मूल्य को बढ़ाते हैं या आपके निवेश में परिवर्तन होता है
- आप अपने पार्टनर (जीवनसाथी) के साथ रहना समाप्त कर देते/देती हैं
- आप अपने पार्टनर (जीवनसाथी) से विवाह कर लेते/लेती हैं या उनके साथ रहना शुरू कर देते/देती हैं
- आपके पार्टनर (जीवनसाथी) की मृत्यु हो जाती है
- आप रहने के लिए ऑस्ट्रेलिया से बाहर चले जाते/ती हैं
- आप छुट्टी मनाने विदेश जाते/ती हैं।

आप हमारे आत्म सेवा विकल्पों के माध्यम से अपने परिवर्तनों के बारे में हमें बता सकते/ती हैं। सुनिश्चित करें कि myGov पर आपके विवरण अप-टु-डेट हैं।

यदि आप हमें इन परिवर्तनों के बारे में नहीं बताते हैं, तो हो सकता है कि हम आपको ज़रूरत से अधिक भुगतान कर दें। यदि ऐसा होता है तो आपको पैसे वापस करने पड़ सकते हैं।

यदि आप जानबूझकर हमें परिवर्तनों के बारे में नहीं बताते हैं, तो हम आप पर धोखाधड़ी का आरोप लगा सकते हैं।

## और अधिक जानकारी के लिए

- अंग्रेज़ी में और अधिक जानकारी के लिए **servicesaustralia.gov.au/age-pension** पर जाएँ।
- **servicesaustralia.gov.au/yourlanguage** पर जाएँ जहाँ आप अपनी भाषा में जानकारी पढ़, सुन या देख सकते/सकती हैं।
- Centrelink भुगतानों और सेवाओं के बारे में अपनी खुद की भाषा में किसी से बात करने के लिए **131 202** पर फोन करें।
- Medicare के लिए **132 011** पर और Child Support के लिए **131 272** पर फोन करें। यदि आपको दुभाषिये की ज़रूरत हो, तो हमें बताएँ और हम आपके लिए निःशुल्क दुभाषिये की व्यवस्था कर देंगे।

- किसी सेवा केन्द्र में जाएँ।

**ध्यान दें**: ऑस्ट्रेलिया में कहीं से भी आपके घर के फोन से '13' नम्बरों पर की जाने वाली कॉल्स पर एक निश्चित दर पर शुल्क लिया जाता है। यह दर एक स्थानीय कॉल की दर से भिन्न हो सकती है और अलग-अलग टेलीफोन सेवा प्रदाताओं की दर अलग-अलग हो सकती हैं। आपके घर के फोन से '1800' पर किए जाने वाले कॉल्स निःशुल्क होते हैं। मोबाइल फोनों से की जाने वाली कॉल्स पर समय के हिसाब से शुल्क लिया जा सकता है और इनपर उच्च दर से शुल्क लिया जा सकता है।

## अस्वीकरण वक्तव्य

इस प्रकाशन में निहित जानकारी का उद्देश्य भुगतानों और सेवाओं के लिए केवल मार्गदर्शन मात्र है। आप किसी भुगतान के लिए आवेदन करना चाहते/ती हैं या नहीं यह तय करना और आपकी विशिष्ट परिस्थितियों के अनुसार आवेदन करना आपका उत्तरदायित्व है।

# Payment for older Australians

Age Pension provides income support and access to a range of concessions for older Australians. This includes a Pensioner Concession Card. This card gives you cheaper health care and discounts for some goods and services. There are rules you need to meet to be able to get Age Pension.

## Age rules

If you were born before 1 July 1955, you have reached Age Pension age.

On 1 July 2021, Age Pension age increased to 66 years and 6 months for people born from

1 July 1955 to 31 December 1956 inclusive.

If you were born on or after 1 January 1957, your Age Pension age is 67.

## Residence rules

To get Age Pension you must meet residence rules.

On the day you claim, you must be:

- an Australian resident, and
- in Australia.

An Australian resident is a person who is living in Australia and is either an Australian citizen or the holder of a permanent visa or protected Special Category visa.

You also need to have been an Australian resident for at least 10 years to qualify for Age Pension. For at least 5 of these years, there must be no break in your residence.

## What may be different?

You may be able to get Age Pension if you have been an Australian resident for less than 10 years. For example, if you are:

- a refugee or former refugee
- a woman whose partner died while you were both Australian residents and you have been an Australian resident for 2 years immediately before claiming Age Pension.

If you do not meet the residence rules but you have lived or worked in a country that has a social security agreement with Australia, the agreement may help you to claim.

You do not need to be an Australian resident or in Australia on the day you apply to transfer to Age Pension from another eligible income support payment.

## Claiming Age Pension

You can claim Age Pension online through your Centrelink online account.

You can also visit a service centre. You will need to complete a claim form and an income and assets form. You may need to give us some extra forms and any other documents we have asked for.

Unless we already have proof of who you are, you will need to visit a service centre and show your identity documents.

## If you already get a Centrelink payment

We will write to you 13 weeks before you reach Age Pension age and tell you what you can do to transfer to Age Pension.

## Changes in your circumstances

We need to know about any changes that could reduce your payment. You need to tell us within 14 days about any changes. For example, you must tell us if:

- your address changes
- you and/or your partner increase your income
- you and/or your partner increase the value of your assets or your investments change
- you stop living with your partner
- you marry or start living with your partner
- your partner dies
- you go to live outside Australia
- you travel overseas for a holiday.

You can tell us your changes through our self service options. Make sure your details are up to date on myGov.

If you do not tell us about these changes, we may pay you too much. If this happens you may have to pay the money back.

If you do not tell us about changes on purpose, we could charge you with fraud.

## For more information

- Go to **servicesaustralia.gov.au/age-pension** for more information in English.
- Go to **servicesaustralia.gov.au/yourlanguage** where you can read, listen to or watch information in your language.
- Call **131 202** to speak with someone in your own language about Centrelink payments and services.
- Call **132 011** for Medicare and **131 272** for Child Support. Let us know if you need an interpreter, and we will arrange one for free.
- Visit a service centre.

**Note**: calls from your home phone to ‘13’ numbers from anywhere in Australia are charged at a fixed rate. That rate may vary from the price of a local call and may also vary between telephone service providers. Calls to ‘1800’ numbers from your home phone are free. Calls from mobile phones may be timed and charged at a higher rate.

### Disclaimer

The information contained in this publication is intended only as a guide to payments and services. It is your responsibility to decide if you wish to apply for a payment and to make an application with regard to your particular circumstances.